देश में अखाद्य तेलों की कम उपलब्धता को पूरा करने के उद्देश्य से सरकार पी० एफ० ए० डी० / सी० पी० एस० का समय-समय पर आयात करती है । पी० एफ० ए० डी० के आयात केवल साबुन बनाने वाले लघु एककों के लिए ही किया जाता है । वर्तमान स्थिति में भी सरकार ने पी० एफ० ए० डी० के आयात के माध्यम से साबुन बनाने वाले लघु एककों की मदद करने का निर्णय लिया है ।

घटिया कच्ची सामग्री के कारण कम उत्पादन

3448. **श्री रशीद मसूद : क्या उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान पंजाब, हरियाणा और दिल्ली वाणिज्य एवं उद्योग मंडल द्वारा हाल ही में किए गए एक सर्वेक्षण की ओर दिलाया गया है, जिसमें कहा गया है कि वर्ष की पहली तिमाही में, कच्चे माल की घटिया क्वालिटी के कारण और उसकी कमी के कारण भी, वस्त्र, रसायन, रबड़, चीनी और इंजीनियरिंग उद्योग में बहुत कम उत्पादन हुआ है ; और

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है तथा इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

उद्योग मंत्रालय में औद्योगिक विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री एम० अरुणाचलम): (क) और (ख) सरकार ने पंजाब, हरियाणा और दिल्ली वाणिज्य एवं उद्योग मंडल द्वारा किए गए सर्वेक्षण की रिपोर्ट देख ली है। इस रिपोर्ट में इस बात का दावा किया गया है कि उत्तरी क्षेत्र में कुछ क्षेत्रों में कच्चे माल तथा निवेशों की अपर्याप्त आपूर्ति के कारण औद्योगिक उत्पादन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है ।

तथापि, सरकार के पास उपलब्ध आंकड़ों से यह पता नहीं चलता है कि इसमें पर्याप्त ह्रास हुआ है । केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन द्वारा संकलित किए गए अखिल भारतीय औद्योगिक उत्पादन के त्वरित सूपकांड से यह पता चलता है कि जनवरी फरवरी, 1987 के दौरान 14.6 प्रतिशत विकास की दर की तुलना में वर्ष 1986 की तदनुरूप अवधि में यह 5.8 प्रतिशत थी ।

कोयले के उत्पादन में वृद्धि

3449. **श्री रशीद मसूद : क्या ऊर्जा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में कोयले के उत्पादन में निरन्तर वृद्धि हो रही है ;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रतिवर्ष कोयले का कितना उत्पादन हुआ एवं इन वर्षों में प्रति वर्ष कोयले की उत्पादन लागत पर कितनी धन-राशि व्यय की गई ; और

(ग) क्या यह सच है कि अब कोल इंडिया लि० ने कोयले की उत्पादन लागत में कमी करने का लक्ष्य बना लिया है तथा इस संबंध में एक योजना भी तैयार की है और यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ?

ऊर्जा मंत्री (श्री बसंत साठे) : (क) जी हां ।

(ख) पिछले तीन वर्षों में कोयले का कुल उत्पादन निम्नलिखित रहा :—

(मि०टन)

1984-85	147.41
1985-86	154.20
1986-87	163.9

कोयले के मुख्य उत्पादक, कोल इंडिया लि० का उत्पादन कुल उत्पादन का लगभग 85 प्रतिशत रहा । कोल इंडिया लि० के